
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# दर्जनों गांव संचार सुविधा के लिए आज भी तरस रहे

**इंतजार**

## संचार सेवा शुरू होने के इंतजार में ग्रमीणों के खरीदे मोबाइल बने शो पीस

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। चीन और नेपाल सीमा के बीच बसे दर्जनों गांवों में आज तक संचार सुविधा के नाम पर एक भी मोबाइल टावर नही लग पाया है। सीमांत क्षेत्र में जहां एक ओर इलाके के लोगों से संचार सुविधा दिलाये जाने के नाम पर कई घोषणायें व कई लुभावने वायदे किये गये मगर आलम यह है कि जिले के सीमा पर बसे गांवों में संचार सेवा धरातल पर अब तक उतरती हुई नही दिख पाई है।

बता दें कि सीमांत में संचार सेवा का सपना देख रहे ग्रमीणों ने सीमांत में मोबाइल टावर की खुदाई होते देख मोबाइल खरीदे मगर वे मोबाइल महज शो पीस बनकर रह गये है। जानकारी के मुताबिक पूर्व में सीमांत के गांवों में बीते दस साल पहले मोबाइल टावर बनने के नाम पर खोदे गये गडढ़ों में वर्तमान में कीचड़ भरा होने की जानकारी मिल रही है। आलम यह है कि संचार



सुविधा का सपना देख रहे सीमा पर बसे गांवों के ग्रमीण आज भी ऐसे में गैस बुकिंग कराने व जरूरत के कामकाज कराने के लिए व ऑनलाइन काम कराने को लेकर लगभग 20 से 30 किमी की लंबी दूरी तय कर अपने काम निपटाने को मजबूर हो रहे है।

सीमांत के गांवों में संचार सुविधा के नाम पर आज तक बडे बड़े दावे कर ग्रमीणों को छलने के सिवाय कुछ भी नेक काम नही हो पाया है। सीमांत की चीन और नेपाल से तनातनी की जंग सह रहे ग्रमीण आज भी संचार सुविधा की आस लेकर परेशानियों से दो चार हो रहे है।

सीमांत में संचार क्रांति के चलते दौर का फायदा इन गांवों को आज तक नही मिल पाया है। वही ऐसे में हर बार संचार सेवा से महरूम हो चुके सीमांत के गावों को लंबी दूरी तय कर आन लाइन काम के लिए चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। मुंसयारी के तल्ला समकोट व मल्ला समकोट,कोटा ,पन्द्रह पाला,मलोन लोधराया, बजेता,डुंगरी व धारचूला के दारमा व व्यास गांव आज भी संचार के लिए मोहताज है।

इस बारे में दूरसंचार निगम अल्मोडा के महाप्रबंधक एके गुप्ता से हुई बात में पता चला है कि पूर्व में सीमांत में मोबाइल टावर लगाने के नाम पर जो गड़ढा खोदा गया था वहां पर बजट की कमी आड़े आने लगी तो ऐसे हालातों में मोबाइल टावर लगाना संभव नही हो पा रहा था। जैसे ही धन की व्यवस्था हो जायेगी मोबाइल टावर का काम शुरू कर देगे। वही धारचूला के उच्च हिमालयी गांवों में बसे ग्रमीणों ने उपजिलाधिकरी अनिल कुमार शुक्ला को क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौपा। इस दौरान तमाम ग्रमीण मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### ससुर से अनबन होने पर दामाद ने की थी कार चोरी

**संवाददाता** हरिद्वार। सात दिन पूर्व चोरी हुई वैगनआर कार का खुलासा करते हुए नगर पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही से दिल्ली से कार बरामद की है। आरोपी दामाद ने ससुर से अनबन होने के कारण अपने दोस्त की मदद से कार चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस फरार दोस्त की तलाश कर रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि 05 अक्टूबर को अनिल कुमार पुत्र जय भगवान निवासी रामनगर शाहदरा दिल्ली ने नगर कोतवाली में तहरीर देते हुए शिकायत की थी कि 01 अक्टूबर को वह अपने परिवार के साथ वैगनआर कार से हरिद्वार आये थे। परिवार नगर कोतवाली क्षेत्रन्तर्गत ब्रह्मपुरी स्थित दीपक भवन में ठहरा था और कार रात को आत्रेय भवन के पास पार्क की थी। जब सुबह आत्रेय भवन के पास पहुंचे तो वहां से कार गायब थी।

### व्यापारी ने की ईमानदारी की मिसाल पेश

**संवाददाता** हरिद्वार। जब हम रोज समाचार पत्रों में भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, लूटपाट व राहजनी के समाचार पढ़ते हैं तो मन में आक्रोश व कुंठा पनपती है। यदि ऐसे माहौल में किसी का पैसों से भरा पर्स व खोये हुए कीमती दस्तावेज उसे सुरक्षित वापस मिल जायें तो एक सुखद एहसास की अनुभूति होती है। ऐसी ही एक घटना उत्तरी हरिद्वार भीमगोड़ा में सामने आयी है। भीमगोड़ा स्थित बजाज ग्लास हाउस के स्वामी राजीव बजाज को पैसों से भरा पर्स, एटीएम कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड अपनी दुकान के सामने गिरा हुआ दिखा। उन्होंने पर्स व सामान उठाकर तुरन्त सूचना भीमगोड़ा–खड़खड़ी व्यापार मण्डल के महामंत्री गौरव सचदेवा को दी।

### बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज ग्रान कूपे के लिए प्री–लॉन्च बुकिंग शुरू

**संवाददाता** देहरादून। बीएमडब्ल्यू इंडिया ने अपनी बहुप्रतीक्षित पहली बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज ग्रान कूपे के लिए 6 अक्टूबर 2020 से प्री .लॉन्च बुकिंग शुरू कर दी हैं। अर्ली.बर्ड बेनेफिट के रूप में यह कार ऑनलाईन डब्ल्यूडब्ल्यूडॉटबीएमडब्ल्यूडॉटइन पर केवल 50,000 रु. में एक्सक्लुसिव रूप से बुक की जा सकती है। इसके अलावा 15 अक्टूबर 2020 को ऑफिशियल लॉन्च से पूर्व की गई बुकिंग्स पर 50,000 रु. मूल्य के कॉम्प्लिमेंटरी ताज एक्सपीरियंसेस गिफ्ट कार्ड्स दिए जा रहे हैं। ये गिफ्ट कार्ड भारत में सबसे भव्य प्रॉपर्टीज में स्टे, होलिडे पैकेज, डाईनिंग, स्पा एवं अन्य अनुभवों के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

## पिथौरागढ़ विस की जनसमस्याओं को लेकर सीएम से मिली विधायक चंद्रा पंत

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जनपद की जन समस्याओं को लेकर विधायक चंद्रा पंत ने दून में मुख्यमंत्री से उनके आवास में जाकर भेंट की। जिले की विधायक चंद्रा पंत ने समस्याओं के निसतारण हेतु एक पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। इस पत्र के माध्यम से विधायक द्वारा क्षेत्र के संपर्क मार्गों के निर्माण व क्षेत्र की जो सड़के लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है उनको दुबारा शुरू किये जाने व जिले में विगत लंबे अर्से से स्वास्थ सुविधाओं का अभाव होने व जिले में लंबे समय से रोजगार की मांग कर रहे प्रशिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार उपलब्ध कराये जाने की मांग को लेकर तमाम जनमुददों पर वार्ता की। मुख्यमंत्री ने विधायक के मांग पत्र की समस्याओं को सकारात्मक तौर पर कारवाई किये जाने का मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया है। यह जानकारी देहरादून से विधायक ने मीडिया को जिले में प्रेषित की।



## अश्लील हरकतें करती आधा दर्जन महिलाएं गिरफ्तार

**संवाददाता** हरिद्वार। शहर के बीचो–बीच रेलवे स्टेशन व बस अड्डे के पास आने जाने वाले राहगीरों पर अश्लील इशारे कर अपने जाल में फंसाने वाली छह धंधेबाज महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जोकि शहर के अलग–अलग क्षेत्रों की रहने वाली हैं। पुलिस ने धंधेबाज महिलाओं के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों की शिकायतें मिल रही थी कि रेलवे स्टेशन व बस अड्डे के पास कुछ महिलाएं राहगीरों को अपने जाल में फंसा कर जिस्मफरोशी के धंधे में लगी हैं, इसी सूचना पर मायापुर पुलिस चौकी प्रभारी संजीत कंडारी व महिला दरोगा लक्ष्मी मनोला को लगाया गया। रेलवे स्टेशन गेट नंबर एक के आसपास कुछ महिलाएं राहगीरों को अश्लील इशारे कर अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रही थी।

# जूना अखाडे हरिद्वार से छड़ी यात्रा का पिथौरागढ़ पहुंचने पर हुआ स्वागत

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। सितंबर से शुरू हुई जूना अखाड़ा हरिद्वार से पिथौरागढ पहुंची छडी यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान साधु संतों ने पूरे जिले की परिक्रमा करते हुए सनातन धर्म के जयकारे लगाये।

जिले में लोगों द्वारा फुल मालाओं से उनका स्वागत किया गया। बीते मंगलवार की देर सांय जूना अखाड़े के सभापति महंत प्रेम गिरी महाराज व महासचिव हरि गिरि की अगुवाई में छड़ी यात्रा का एशियन सत्कर्मा मिशन के संस्थापक स्वामी विरेन्द्रानंद के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।




यह छडी यात्रा जिले के लिंक रोड अप्टैक तिराहा नगर पालिका घंटाकरण सिल्थाम होते हुए एशियन एकेडमी ऐंचोल पहुंची। यहां वैदिक मंत्रों व विधि विधान से आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर छड़ी का पुजन किया गया।

इस दौरान एशियन सत्कर्मा मिशन के स्वामी वीरेन्द्रानंद ने बताया कि यह यात्रा देश की सुख शांति सम्रद्वि व सनातन धर्म के लिए निकाली जाती है।

यह यात्रा बुधवार की सुबह अस्कोट से होते हुए नारायण आश्रम को रवाना हुई। गुरूवार को यह यात्रा बरम बंगापानी मुंस्यारी होते हुए रात्रि को चौकेड़ी में पहुंचकर विश्राम करेगी। इस दौरान तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ऑक्सफैम इंडिया के साथ प्लैटिनम गिल्ड इंडिया ने हाथ मिलाया

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 संकट ने भारत के साथ–साथ दुनिया भर में अभूतपूर्व चुनौतियां पेश की हैं और इसकी चपेट में बहुत से लोग आये हैं। हमारे समुदाय के कुछ कमजोर वर्ग, जैसे प्रवासी मजदूरों, पर इसका विशेष रूप से कठोर प्रभाव पड़ा है। प्रवासी मजदूरों की मदद करने की दिशा में कदम उठाते हुए प्लैटिनम गिल्ड इंडिया ने ऑक्सफैम इंडिया के साथ हाथ मिलाया है, और षटिनम सीजन ऑफ होप के नाम से एक पहल की शुरुआत की है। यह पहल 3 महीने की अवधि में 4500 परिवारों को प्रभावित करेगीए जिसमें लगभग 22ए500 व्यक्ति शामिल रहेंगे। राहत पैकेज के 3 प्रमुख हिस्से हैं. दैनिक भोजन/भोजन सामग्री, सैनिटरी किट के साथ–साथ आवश्यक नॉन–फूड वस्तुओं के रूप में डायरेक्ट ट्रांसफर। यह पश्चिम बंगालए झारखंड, ओडिशा और बिहार राज्य के लोगों को राहत देगा, जहां लोग महामारी के साथ ही प्राकृतिक आपदाओं के भी शिकार हुए हैं। इस पहल के साथए लक्ष्य यह है कि जहां सबसे अधिक आवश्यकता है, उन जगहों पर उम्मीद की ज्योति जलाई जाये।